https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/ instagram.com/palpalrajasthannews https://www.youtube.com/@PalpalRajasthan/ palpalrajasthan8@gmail.com

प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 4 | अंक : 42 | RAJHIN/2021/81855 | उदयपुर, शनिवार, 22 मार्च 2025 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर

ANANTA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH CENTRE
एक विश्वास बेहतर जिन्दगी का
ANANTA HOSPITAL

## रमजान मुबारक




## सार संक्षेप

### सूडान में सेना का राष्ट्रपति भवन पर फिर से कब्जा



**दुबई/काहिरा।** सूडानी सेना ने शुक्रवार को खार्तूम के डाउनटाउन में राष्ट्रपति भवन पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया। हाल के हफ्तों में सेना ने शहर में प्रतिद्वंद्वी रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। खार्तूम पर फिर से कब्जा करना सेना के लिए एक बड़ी प्रतीकात्मक जीत है और संघर्ष में एक निर्णायक मोड़। राष्ट्रपति महल का ऐतिहासिक और राजनीतिक महत्व बहुत अधिक है। राष्ट्रपति का महल खार्तूम के मध्य में है।

### नक्सलियों का छुपाया हुआ हथियारों का जखीरा बरामद



**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद पुलिस ने नक्सलियों का छुपाया हुआ धन और हथियारों का जखीरा खोज निकाला है तथा उन्हें जब्त कर लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को मैनपुर थाना क्षेत्र से लगे पंडरी पानी से नक्सलियों का जमीन में छुपाया गया आठ लाख नगद और हथियारों समेत नक्सल साहित्य भी बरामद किया है। अब पुलिस नक्सलियों को नगद देने वाले स्रोत का भी पता लगाने में जुट गई है।

### मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद



**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान इंफाल पश्चिम, जिरीबाम, थौबल और कांगपोकपी जिलों में तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किए। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उनकी टीम ने इम्फाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई-पीएस के अंतर्गत लिलोंग चाजिंग ममांग लेईकाई से केसीपी (एमएफएल) के तीन कैडरों को गिरफ्तार किया है। ये लोग फिरौती के लिए अपहरण करने में शामिल थे।

### आरबीआई केंद्रीय बोर्ड की 614वीं बैठक संपन्न



**तिरुवनंतपुरम।** भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 614वीं बैठक केंद्रीय बैंक गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में आज तिरुवनंतपुरम में संपन्न हो गई। आरबीआई ने शुक्रवार को बताया कि बैठक में वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की गई, जिसमें भू-राजनीतिक और वित्तीय बाजार से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा हुई।

# संसद में उठा जज के घर नकदी का मामला

■ कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने उठाया मामला ■ हाई कोर्ट जज के बंगले पर मिले थे 15 करोड़ ■ कॉलेजियम ने वापस इलाहाबाद किया ट्रांसफर





**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर पर करीब 15 करोड़ रुपए नगद बरामद हुए थे। मामला सामने आने के बाद सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने उन्हें वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट भेजने का फैसला किया है। इधर, कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। जांच पूरी होने पर दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस कॉलेजियम को प्राइमरी रिपोर्ट देंगे। होली की छुट्टियों के दौरान जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले पर आग लग गई थी।

उस वक्त वे घर पर नहीं थे। परिवार ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की जानकारी दी। टीम जब आग बुझाने गई तब उन्हें कैश मिला। सूत्रों के मुताबिक सीजेआई संजीव खन्ना को जब मामले की जानकारी मिली तो 5 सदस्यीय कॉलेजियम ने उनका ट्रांसफर करने का फैसला किया है, हालांकि यह सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड नहीं है। इधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने जस्टिस वर्मा के वापस इलाहाबाद ट्रांसफर का विरोध किया है। एसोसिएशन ने कहा कि कॉलेजियम के फैसले से गंभीर सवाल उठ रहा है कि क्या हम कूड़ादान हैं।

**सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी : धनखड़**

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी पर चर्चा की मांग की। राज्यसभा के चेयरमैन और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है और वह इस मुद्दे पर एक स्ट्रक्चर्ड डिस्कशन करवाएंगे। जयराम रमेश ने कहा- आज सुबह हमने एक चौंकाने वाली खबर पढ़ी, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद होने की बात सामने आई है। रमेश ने यह भी याद दिलाया कि पहले 50 सांसदों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया था, लेकिन उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेयरमैन से अनुरोध किया कि न्यायिक जवाबदेही बढ़ाने के लिए सरकार को दिशा-निर्देश दिए जाएं।

### जज के यहां नहीं मिली नकदी : अतुल गर्ग

दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने शुक्रवार को बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर आग बुझाने के दौरान अग्निशमन कर्मियों को कोई नकदी नहीं मिली। गर्ग ने बताया कि 14 मार्च को रात 11.35 बजे नियंत्रण कक्ष को यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली आवास पर आग लगने की सूचना मिली और दो दमकल गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंच गईं। गर्ग ने बताया कि आग स्टेशनरी और घरेलू सामान से भरे एक स्टोर रूम में लगी थी। उन्होंने बताया कि आग पर काबू पाने में 15 मिनट लगे। कोई हताहत नहीं हुआ।

### सुप्रीम कोर्ट ने 'इन हाउस' जांच शुरू की



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर पिछले दिनों आग लगने के बाद कथित तौर बड़ी संख्या में नकदी की बरामदगी संबंधी प्रतिकूल रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में 'इन-हाउस' जांच शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने इस संबंध में दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय से एक तथ्य-खोजी रिपोर्ट भी मांगी है।

### नियुक्ति प्रक्रिया और पारदर्शी बनानी होगी : सिब्बल

सुप्रीम कोर्ट बार काउंसिल के अध्यक्ष कपिल सिब्बल ने कहा- मुझे मामले की बारीकियों की जानकारी नहीं है, लेकिन निश्चित रूप से न्यायपालिका के अंदर भ्रष्टाचार का मुद्दा बहुत गंभीर मुद्दा है। उन्होंने कहा- मुझे लगता है कि अब वक्त आ गया है कि सुप्रीम कोर्ट इस मुद्दे पर विचार करना शुरू करे कि नियुक्ति प्रक्रिया कैसे होनी चाहिए। इसे और अधिक पारदर्शी होना चाहिए और ज्यादा सावधानी से किया जाना चाहिए।

राज्यसभा में गृह मंत्री ने दिया जवाब

# जम्मू कश्मीर में विकास का नया युग शुरू किया



■ अगले वर्ष 31 मार्च तक नक्सलवाद का देश से सफाया कर दिया जाएगा

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार ने शांति और सुरक्षा की नींव पर जम्मू कश्मीर में विकास और लोकतंत्र का नया युग शुरू किया है, सरकार ने संवाद, सुरक्षा तथा समन्वय को अपना कर नक्सलवाद की समस्या पर जीत हासिल की है और अगले वर्ष 31 मार्च तक देश से नक्सलवाद पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

श्री शाह ने सदन में गृह मंत्रालय के कामकाज पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार ने विभिन्न अलगावादी संगठनों के साथ अनेक समझौते किए हैं जिससे पूर्वोत्तर की समस्या भी कमोबेश खत्म करने की कगार पर है। उन्होंने कहा कि मणिपुर में शांति है और विवाद के लिए जिम्मेदार दोनों समुदायों में बातचीत हुई है तथा उम्मीद है कि इस समस्या का जल्द समाधान हो जाएगा।

**हिन्दी भाषा थोपने के आरोप खारिज किए**

गृह मंत्री ने तमिलनाडु पर हिन्दी भाषा थोपने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनकी सरकार देश की हर भाषा के प्रचार प्रसार की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार भाषा के नाम पर जहर घोलने तथा भाषा की आड में घोटाले और भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के लिए तमिल भाषा में संवाद करेगी।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं आगामी दिसम्बर से तमिलनाडु सरकार के साथ तमिल भाषा में ही संवाद करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने वोट बैंक की परवाह किए बिना देश हित में कड़े और कठोर निर्णय लिए हैं जिससे आतंकवाद की कमर तोड़ दी गई है।

'आप' ने किए कई बड़े बदलाव

# सौरभ भारद्वाज को मिली दिल्ली की कमान



■ मनीष सिसोदिया बनाए गए पंजाब के प्रभारी

**नई दिल्ली,** 21 मार्च आम आदमी पार्टी (आप) ने शुक्रवार को बड़ा फैसला लेते हुए सौरभ भारद्वाज को दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष का जिम्मा सौंपा है। पार्टी ने उन्हें पूर्व मंत्री और बाबरपुर से विधायक गोपाल राय के स्थान पर दिल्ली का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया हैं। पार्टी ने दो राज्यों में अध्यक्ष और चार राज्यों में पार्टी प्रभारियों की नियुक्ति की है।

आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक में ये निर्णय लिया गया है। पार्टी ने पंजाब की जिम्मेदारी दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को दी है। उन्हें राज्य प्रभारी का जिम्मा सौंपा है, जबकि सह प्रभारी सत्येंद्र जैन को नियुक्त किया है।

सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली की ग्रेटर कैलाश विधानसभा सीट चुनाव से लड़ा था। लेकिन, उन्हें भाजपा की शिखा राय के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली विधानसभा में 'आप' को 22 सीटों पर जीत मिली। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को 48 सीटों के साथ 27 साल बाद राज्य में सरकार बनाने में सफल रही। इसके अलावा आम आदमी पार्टी ने गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी नियुक्त किया है, वहीं दुर्गेश पाठक को सह प्रभारी का जिम्मा दिया गया है। आम आदमी पार्टी ने पंकज गुप्ता को गोवा का प्रभारी और अंकुश नारंग, आभास चंदेला और दीपक सिंगला को सह प्रभारी बनाया है।

### संदीप पाठक को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया

पार्टी ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर में आम आदमी पार्टी ने मेहराज मलिक को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। मेहराज मलिक घाटी में 'आप' के इकलौते विधायक हैं।

# राष्ट्रगान के अपमान के मुद्दे पर बिहार विधानसभा में हंगामा

तेजस्वी यादव ने कहा प्रधानमंत्री के लाडले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान का अपमान किया



**सदन के अंदर और बाहर विपक्ष ने प्रदर्शन किया**

**पटना,** 21 मार्च (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा में शुक्रवार को नीतीश के राष्ट्रगान के अपमान करने के मुद्दे पर जोरदार हंगामा होता रहा। सदन के अंदर और बाहर विपक्ष ने पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। कार्यवाही शुरू होने से पहले राजद ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग की। सदन के बाहर भी पार्टी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी हाथ में बैनर लिए खड़े दिखे। विपक्ष के हंगामे के कारण शुक्रवार सिर्फ 22 मिनट ही सदन की कार्यवाही चल पाई।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा- 'बिहार के लिए कल काल दिवस था। प्रधानमंत्री मोदी के लाडले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। लाडले मुख्यमंत्री पर प्रधानमंत्री क्या कहेंगे। भारत माता की जय करने वाले बीजेपी के दोनों उपमुख्यमंत्री गायब हैं।

**प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट तक नहीं किया**

कल हम सब का सिर शर्म से झुक गया है। इंडिया की राजनीति में पहली ऐसी घटना है,जहां राष्ट्रगान का अपमान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक ट्वीट तक नहीं किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संन्यास ले लेना चाहिए। राष्ट्रगान को अपमान करने वाले को तीन साल की सजा होती है। राष्ट्रगान के मामले पर तेजस्वी के बयान पर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि तेजस्वी के मन में यदि राष्ट्रगान के प्रति इतना प्रेम झलक रहा है तो वे राष्ट्रद्रोहियों को टिकट देना बंद करें।

### राबड़ी बोलीं, नीतीश को गद्दी छोड़नी चाहिए

विधान परिषद में भी राष्ट्रगान के अपमान पर हंगामा हुआ। कार्यवाही के दौरान राबड़ी देवी का माइक बंद हो गया। उन्होंने माइक चालू कराने की मांग की। राबड़ी ने कहा, 'अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिमाग खराब है, तो उनको गद्दी छोड़नी चाहिए और अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। बेटा नहीं बनता तो किसी दूसरे अपने को कुर्सी सौंप दें।'

# दुष्कर्म मामले में हाईकोर्ट जज की टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री ने उठाए सवाल



■ अन्नापूर्णा देवी ने सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की
■ इस टिप्पणी से समाज में गलत संदेश जाएगा

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक जज की महिलाओं से बलात्कार के संबंध में की गई टिप्पणी पर दिल्ली महिला आयोग की पूर्व प्रमुख और राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल तथा केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग की।

**स्वाती मालीवाल ने भी टिप्पणी को गलत बताया**

संसद की कार्यवाही में शामिल होने आई स्वाति मालीवाल ने यहां संसद भवन परिसर में बात करते हुए कहा, इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी मेरी समझ से बिल्कुल गलत है। एक बच्ची के साथ इतना गलत किया गया, इलाहाबाद हाई कोर्ट उस पर यह कह रहा है कि यह रेप करने की कोशिश नहीं थी। तो फिर रेप करने की कोशिश क्या है? मेरी नजर में यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बयान है। इससे समाज में बहुत खतरनाक संदेश जाता है। सुप्रीम कोर्ट को तुरंत इस मामले में हस्तक्षेप करना चाहिए और कार्रवाई होनी चाहिए।

केंद्र सरकार में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा, हम अदालत का सम्मान करते हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट की ओर से जो टिप्पणी की गई है, वह कहीं से भी शोभा नहीं देती। इस वजह से बहुत से फैसले लिए गए हैं, इससे उस पर भी प्रभाव पड़ेगा। इससे गलत करने से लोगों की मानसिकताएं और बढ़ेंगी। हमें लगता है कि हाई कोर्ट को इस तरह की टिप्पणी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद हाई कोर्ट की टिप्पणी से समाज में गलत संदेश जाएगा। रिश्तों पर भी इसका असर होगा।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक मामले में अहम फैसला सुनाते हुए कहा था कि नाबालिग लड़की के गुप्तांगों को स्पर्श करना और उसे पुलिया के नीचे खींचने को बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नहीं माना जा सकता है। अदालत ने यह टिप्पणी एक 11 साल की बच्ची के साथ हुई घटना की सुनवाई के दौरान की और आरोपियों को बरी करने का आदेश दिया।

# कर्नाटक में 18 भाजपा विधायक निलंबित

मुस्लिमों को ठेकों में आरक्षण देने का कर रहे थे विरोध



**मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों-विधायकों की सैलरी दोगुनी हुई**

**बेंगलुरु,** 21 मार्च (एजेंसियां)। कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार को सरकारी ठेकों में मुस्लिमों को 4 फीसदी आरक्षण देने के मामले में भाजपा विधायकों ने जमकर हंगामा किया। आर अशोक के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने आरक्षण बिल की कॉपी फाड़कर स्पीकर की ओर फेंक दी। इसके बाद स्पीकर यूटी खादर ने मार्शलों को बुलाकर हंगामा कर रहे विधायकों को सदन से बाहर करवा दिया। साथ ही भाजपा के 18 विधायकों को विधानसभा की कार्यवाही से 6 महीने के लिए सस्पेंड कर दिया। हंगामे के बीच सरकार ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सैलरी 100 फीसदी बढ़ाने का बिल पास कर दिया। विधेयक को कर्नाटक के कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच.के. पाटिल ने पेश किया। इसके पारित होने से मुख्यमंत्री का वेतन 75 हजार रुपए से बढ़कर 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह हो जाएगा।

### 31 विधायकों के पास 100 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति

एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, कर्नाटक में 31 विधायकों के पास 100 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति है। जिसके साथ राज्य भारत के सबसे अमीर विधायकों की सूची में सबसे ऊपर है।

# आरएसएस ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**बेंगलुरु में आरएसएस की तीन दिवसीय बैठक शुरू**

**बेंगलुरु,** 21 मार्च (एजेंसियां)। बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तीन दिवसीय वार्षिक बैठक शुक्रवार से शुरू हो गई। पहले दिन पदाधिकारियों ने संघ की कार्ययोजना को लेकर चर्चा की। सीआर मुकुंदा ने संघ के कार्यों की जानकारी दी। सीआर मुकुंदा ने कहा कि हमने जाकिर हुसैन, वासुदेव नायर, पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह, प्रीतीश नंदी, एसएम कृष्णा, राम जन्मभूमि के ट्रस्टियों में से एक कामेश्वर चौपाल, तुलसी गौड़ा, शंकर तत्ववादी, देबेंद्र प्रधान, बिबेक देबराय को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 25 से 40 वर्ष के 1.63 लाख लोग आरएसएस से जुड़े, जबकि 40 साल से ऊपर के 20,000 लोग संगठन से जुड़े हैं। उन्होंने बताया कि 2012 से अब तक 12,73,453 से ज्यादा लोग हमारे साथ जुड़े और 46,000 महिलाओं ने रुचि दिखाई है। सीआर मुकुंदा ने कहा कि अरुणाचल, मणिपुर और बाहर के लोगों ने भी रुचि दिखाई है।

परेशानी — *इजरायली हमलों में हजारों बच्चे गंभीर रूप से हुए घायल*

# गाजा में 3 दिनों में 200 से अधिक बच्चे मारे गए

**जिनेवा, 21 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) ने कहा है कि इजरायली हमलों के परिणामस्वरूप मंगलवार से अब तक गाजा पट्टी में कम से कम 200 बच्चे मारे गए हैं। गाजा में यूनिसेफ की अधिकारी रोसालिया बोलन ने अल जजीरा प्रसारक से कहा, 18 मार्च की सुबह से भारी गोलाबारी फिर से शुरू होने के बाद से अब तक 200 से अधिक बच्चे मारे गए हैं।**

उन्होंने बताया कि हजारों बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं और हाल के दिनों में लड़ाई के कारण गाजा पट्टी के अस्पताल इस जिम्मेदारी को संभालने में असमर्थ हैं।

सुश्री बोलन ने कहा कि गाजा पट्टी में खाद्य नाकाबंदी का वहां के निवासियों पर भारी प्रभाव पड़ा है, जिन तक बुनियादी आवश्यकताओं तक की पहुंच नहीं हो पा रही है।




■ यूनिसेफ अधिकारी ने कहा, आपातकालीन सेवाओं के लिए भी कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा

यूनिसेफ अधिकारी ने कहा कि गाजा पट्टी में आपातकालीन सेवाओं के लिए भी कोई सुरक्षित स्थान नहीं बचा है।

### मंगलवार से फिर शुरू किए हैं हमले

गौरतलब है कि इजरायली रक्षा बलों ने मंगलवार को फिलिस्तीनी एन्क्लेव के खिलाफ हमले फिर से शुरू कर दिए। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि हमास द्वारा युद्धविराम व्यवस्था को आगे बढ़ाने और बंधकों की रिहाई जारी रखने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से इनकार करने के जवाब में हमले फिर से शुरू किए गए हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, एन्क्लेव पर इजरायली हमलों से मरने वालों की संख्या 590 से अधिक हो गई है।

## देसूरी की नाल को लेकर सांसद मेवाड़ के प्रयास ला रहे रंग

# सांसद महिमा और विधायक विश्वराज ने देसूरी की नाल डीपीआर को मंजूरी मिलने पर जताया केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री गडकरी का आभार

### गडकरी ने कहा, सरकार देसूरी को लेकर गंभीर, डीपीआर का कार्य अब जल्द होगा पूरा, वे स्वयं करेंगे मॉनिटरिंग

**पल पल राजस्थान**

**राजसमंद।** देसूरी की नाल को लेकर सांसद मेवाड़ के प्रयास अब धीर-धीरे सकारात्मक परिणाम देने लगे हैं। वर्षों से उपेक्षित रही इस महत्वपूर्ण परियोजना पर अब ठोस कदम उठते नजर आ रहे हैं। सांसद मेवाड़ ने लगातार सरकार और संबंधित विभागों से समन्वय कर इस क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। इसके चलते न केवल नाल में उचित विकास के कार्यों को गति मिली हैए बल्कि इससे जुड़े स्थानीय लोगों की अपेक्षाओं को भी बल मिला है। कहा जा सकता है कि यह पहल क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास में भी अहम भूमिका निभाएगी। शुक्रवार



को सांसद महिमा कुमारी मेवाड और नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने पाली-नाडोल-देसूरी-चारभुजा सड़क के विकास हेतु डीपीआर बनाने की मंजूरी देने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का सभी क्षेत्रवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। इस सड़क का विकास होने से मार्ग पर होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी और यात्रियों को यात्रा में सुरक्षा मिल सकेगी। साथ ही देसूरी की नाल घाट क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु डीपीआर कंसल्टेंट के अनुसार अस्थायी सुरक्षात्मक उपायों को प्राथमिकता पर किया जाएगा। सांसद मेवाड़ देसूरी की नाल घाट क्षेत्र में दुर्घटनाओं को रोकने हेतु निरन्तर प्रयासरत थीए इसकी डीपीआर को मंजूरी मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की है। इधर गडकरी ने भी सांसद को आश्वस्त किया कि देसूरी की नाल से जुड़े कार्यों को पूरी गंभीरता और तत्परता से पूर्ण किया जाएगा। सरकार इस कार्य को पूरी गंभीरता से लेगी। सांसद मेवाड़ निरंतर रूप से देसूरी की नाल विषय में समाधान हेतु प्रयासरत थी। उन्होंने इससे पूर्व भी केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, राज्यमंत्री अजय टम्टा से भेंट करने के साथ ही लोकसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाया था। सांसद ने कहा है कि वे शीघ्र से शीघ्र डीपीआर का काम पूर्ण करने और फिर निर्माण एवं सुधार संबंधी कार्य पूर्ण कराने को लेकर आगे भी प्रयासरत रहेंगी।

## परिवहन विभाग : 600 वाहनों को जारी किए नोटिस होंगे परमिट निरस्त

राजसमंद। परिवहन एंव सडक सुरक्षा विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के भार वाहनों के कर जमा करने की अन्तिम दिनांक 15 मार्च 2025 थी। लेकिन अभी भी कई वाहन स्वामियों द्वारा कर जमा नहीं करवाया गया है। जिला परिवहन अधिकारी अभिजीत सिंह द्वारा बताया गया कि आज अवकाश के दिन परिवहन कार्यालय के कार्मिकों द्वारा 600 भार वाहनों को चिन्हित कर परमिट निरस्त की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है। 600 भार वाहन स्वामियों को नोटिस जारी कर दिनांक 25.03.2025 तक व्यक्तिशः उपस्थित होकर जवाब मांगा है। यदि 25.03.2025 तक भी वाहन स्वामी कर जमा नहीं करवाते है तो राज-स्थान मोटर वाहन कराधान अधिनियम 1951 मे प्रदत नियमानुसार वाहनों के परमिट निरस्त की कार्यवाही की जाएगी। बकाया कर वाले वाहन स्वामियों को शीघ्र कर जमा कराने हेतु निर्देशित किया जाता है। परिवहन कार्यालय के उडनदस्तों द्वारा प्रभावी प्रवर्तन कार्यावाही कर बकाया कर वाले वाहनों को सीज किया जा रहा है। यात्री व भार वाहनों के पुराने कर बकाया मामलों में पेनल्टी को 1.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 3 प्रतिशत कर दिया गया है। अतः समस्त बकाया कर वाले वाहन स्वामियों से अपिल है कि अपने वाहन का बकाया कर जमा करवाना सूनिष्चित करें। 1 अप्रेल 2025 से कर जमा करवाने पर 3 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज वसूल किया जाएगा। परिवहन एंव सडक सुरक्षा विभाग वाहन स्वामियों को राहत देने के लिए तीन एमनेस्टी योजनाएं लागू की है। इन योजनोओं के तहत ई.रवन्ना ओवरलोडिंग चालान में छूटए नष्ट हो चुके वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निरसतीकरण की सुविधा और पुराने बकाया कर पर नई जुर्माना दरें तय की गई है। खनिज विभाग से प्राप्त ई.रवन्ना के तहत ओवर लोडिंग के मामलों में बनाए चालान में 95 प्रतिषत तक की छूट है, जिन यात्री और भार वाहनों का अस्तित्व समाप्त हो चुका हैए उनके लिए भी एमनेस्टी योजनो लागू की गई है। वाहन स्वामी अपने नष्ट वाहनों के पंजीयन प्रमाण पत्र निरस्त करवाकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। कई पुराने वाहन स्वामियों के नाम पर कर बकाया होने के कारण उनके अन्य वाहनों को भी ब्लॉक कर दिया था। अब वह निर्धारित प्रक्रिया पूरी कर 100 प्रतिशत पेनल्टी और ब्याज में छूट का लाभ उठा सकते है। कर संग्रहण कार्य के लिए माह मार्चए 2025 में सभी राजकीय अवकाशों के दिन भी जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय दिन भर खुले रहेगें एवं राजकीय अवकाश के दिनों में केवल कर संग्रहण कार्य ही किया जाएगा।

## लाल बावा का वल्लभ कुल की परंपरा अनुसार हुआ मारकंडेय पूजन



**पल पल राजस्थान**

**नाथद्वारा।** पुष्टिमार्गीय प्रधान पीठ प्रभु श्रीनाथजी की हवेली में शुक्रवार को शीतला सप्तमी के अवसर पर श्रीनाथ जी मंदिर के गोस्वामी विशाल बावा के सुपुत्र वल्लभ कुल राजकुमार चि. लाल बावा के छठे जन्मोत्सव के अवसर पर मोती महल स्थित लाल छत पर वल्लभ कुल की परंपरा अनुसार तिलकायत की उप-स्थति में मारकंडेय पूजन का भव्य आयोजन हुआ। पूजा की विधि मुंबई के उपाध्याय मयूर एवं श्रीनाथजी मंदिर के पंड्या परेश नागर द्वारा संपन्न की गई। इस अवसर पर वल्लभ कुल परिवार की बेटी प्रियंवदा एवं आराध्या ने लाल बावा की आरती उतारी। इस अवसर पर श्रीनाथजी मंदिर के अधिकारी सुधाकर उपाध्याय, श्रीनाथजी एवं लालन प्रभु के मुखिया, भीतरिया एवं सेवक गण जिनमें घनश्याम सांचीहर, प्रदीप, पराग सांचीहर, समाधानी दिनेश मेहता, उमंग मेहता मंदिर मंडल के सदस्य सुरेश भाई संघवी, समीर चौधरी, सचिव लीलाधर पुरोहित, मीडिया प्रभारी एवं पीआरओ गिरीश व्यास, राजेश्वर त्रिपाठी, कुणाल, जनम गांधी, भावेश पटेल, प्रतीक शाह, जमादार हर्ष सनाढ्य, महर्षि व्यास, कैलाश पालीवाल आदि मौजूद थे।

# पर्यटन क्षेत्र के विकास में योगदान देने वाले विभिन्न क्षेत्रों को किया पुरूस्कृत

**उदयपुर।** यूसीसीआई उदयपुर एवं पीएसडीसीसीआई की ओर से आज तथास्तु रिसोर्ट में राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास में योगदान देने वाले विभिन्न क्षेत्रों को राजस्थान टूरिज्म सम्मान से सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आरएसएमएमलि. के प्रबन्ध निदेशक भगवती प्रसाद कलाल, विशिष्ट अतिथि सलिल भण्डारी,जितेन्द्रसिंह राठौड,यूसीसीआई के सचिव पवन तलेसरा,पीएचडीसीसीआई के महासचिव नवीन सेठ,कन्वीनर मुकेश माधवानी मौजूद थे। मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि देश के विकास के लिये रोजगार में वृद्धि,लेबर के सहयोग से नेशन बिल्डिंग के लिये उद्यमी कार्य करता है। पर्यटकों की आवश्यकताए एवं जरूरतें बदली है। पर्यटकों की बदलती पसन्द को पर्यटन क्षेत्र से जुड़े उद्यमियों को भी अपने यहां बदलाव करना होगा। हमें हमेशा इनोवेटिव करना होगा। शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारेंगे तो यहां पर्यटकों की आवक बढ़ेगी।




विशिष्ट अतिथि सलिल भण्डारी ने कहा कि किसी भी सम्मान कार्य'म के लिये जूरी का कार्य बहुत बड़ा कठिन हो जाता है।120 वर्ष पुराने पीएचडीसीसीआई संगठन की शुरूआत दिल्ली से हुई। आज 29 राज्यों में इसकी शाखायें कार्यरत है। दक्षिण राजस्थान में यूसीसीआई के बिना किसी भी कार्य की कल्पना संभव नहीं है। पीएचडीसीसीआई के महासचिव नवीन सेठ ने कहा कि संगठन ने पंजाब,हिमाचल, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़ में भी एक्सपो आयोजित किये है। जहां लगभग साढ़े तीन लाख लोगों ने उनका अवलोकन किया। प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत करते हुए यूसीसीआई के अध्यक्ष एम.एल. लुणावत ने कहा कि शहर के विकास में पर्यटन,होटल उद्योग,खनन क्षेत्र एवं उससे सरकार को मिलनें वाले राजस्वका बहुतबड़ा योगदान है। पर्यटन विकास से शहर का विकास जुड़ा हुआ है। कार्य'म का संचालन करते हुए पीएचडीसीसीआई के राज्य प्रमुख आर.क.ेगुप्ता ने बताया कि राजस्थान सम्मान समारोह में विभिन्न केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ हेरिटेज सुपर लग्जरी संपत्ति के लिये चाणौद गढ़, सिरेह हॉस्पिट-ैलिटी, पाली,सर्वश्रेष्ठ प्रीमियम संपत्ति के लिये डबलट्री बाय हिल्टन, जयपुर आमेर,सर्वश्रेष्ठ मिड-स्केल संपत्ति के लिये होटल मोहित पैलेस, जयपुर,सर्वश्रेष्ठ एमआईसीई संपत्ति के लिये नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर और जेईसीसी, ग्रामीण पर्यटन संपत्ति के लिये हवेली गोकुल निवास, तलावड़ा,सर्वश्रेष्ठ एडवेंचर टूरिज्म ऑपरेटर के लिये ब्राह्मणिक ट्रेल्स, जयपुर, सर्वश्रेष्ठ इको-टूरिज्म के लिये रामांश टूर्स एंड ट्रैवल्स,जयपुर,सर्वश्रेष्ठ कैंप प्रॉपर्टी के लिये उत्सव कैंप, सरिस्का, सर्वश्रेष्ठ वेलनेस और योग के लिये आई एम योगा, उदयपुर,सर्वश्रेष्ठ बिजनेस होटल के लिये नोवोटेल जयपुर कन्वेंशन सेंटर और जेईसीसी, सर्वश्रेष्ठ लक्जरी होमस्टे के लिये द हिल हाउस, नाथद्वारा,सर्वश्रेष्ठ बजट होमस्टे के लिये जन्नत द पैराडाइज़ की हसीना चक्कीवाला को, जल संरक्षण सम्मानइको डेरा चांदसेन, मालपुरा, ऊर्जा संरक्षण सम्मानभैरवगढ़ पैलेस, भुवाणा, डेस्टिनेशन डेवलपर सम्मानड्यून्स सफारी कैंप, जैसलमेर,जिम्मेदार पर्यटन प्रभावक सम्मान अक्षत चौधरी, हाइव-अक्षत, अजमेर, पर्यटन सर्किट निर्माता सम्मानड्यून्स सफारी कैंप, जैसलमेर,संस्कृति प्रचारक सम्मान चंबल अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, कोटा,पर्यटन स्टार्टअप सम्मान श्रीसिद्धपुरम (श्री सिद्ध फोर्ट्स एंड रिसॉर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड), कुंभलगढ़,महिला उद्यमिता सम्मान सुश्री सारिका रारा, भीलवाड़ा को भगवती प्रसाद कलाल, सलिल भण्डारी,जितेन्द्र सिंह राठौड़,सहित अन्य अतिथियों ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## महर्षि गौतम जयंती समारोह हेतु बैठक सपन्न


चित्तौड़गढ़। गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज के आराध्य देव व न्याय शास्त्र के प्रणेता भगवान् महर्षि गौतम के जन्मोत्स्व के उपलक्ष में गौतम आश्रम गांधीनगर मे तैयारियों हेतु द्वितीय बैठक महासभा संरक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय एवं जिलाध्यक्ष प्रशांत शर्मा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। सुरेंद्र गील ने बताया कि आगामी 30 मार्च को गौतम जयंती के उपलक्ष में समाज के प्रबुद्धजन, महासभा के पदाधिकारी, युवक संघ के पदाधिकारियों ने आयोजनार्थ विभिन्न प्रकार से सुझाव दिये व तैयारियों का विवरण दिया। बैठक में दयाशंकर शर्मा ने एक बॉक्स िकेट प्रतियोगिता कराने का प्रस्ताव रखा जिसे अतिथियों एवं समाज जन द्वारा स्वीकार कर इस हेतु गोपेश पंचोली को सर्व सम्मती से बॉक्स िकेट प्रतियोगिता का संयोजक मनोनीत किया गया। बैठक मे ओमप्रकाश शर्मा, मदन शर्मा, मदन लाल शर्मा, जगदीश जोशी, बालकिशन द्विवेदी, कृष्णगोपाल व्यास, बद्रीलाल शर्मा, नरेशदत्त व्यास, योगेश शर्मा, शिव लाल शर्मा, गोपाल शर्मा, गौरव शर्मा, दर्शन चतुर्वेदी, भरत चाष्टा, नविन सारथी, गोविंद त्रिपाठी आदि समाज जन व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत

चित्तौड़गढ़। निम्बाहेड़ा सदर थानांतर्गत भावंलिया गावं में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से वृद्ध की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भावंलिया निवासी 75 वर्षीय घीसालाल पिता लूम्बा भील गुरूवार को गांव के बस स्टेण्ड पर बस से उतरकर रोड़ पार कर रहा था, उस दौरान तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घटना के दौरान मौके पर मौजूद राहगीरों ने उसे घायल अवस्था में जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर निम्बाहेड़ा सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच शव का पोस्ट मार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव जन्म कल्याणक महोत्सव प्रथमेश 2025 का भव्य आयोजन कल

**उदयपुर।** समग्र जैन समाज की और से श्री मेवाड़ जैन युवा संस्थान द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर, युग सृष्ठा ऋषभदेव भगवान का जन्म एवम् तप कल्याणक महोत्सव को प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष 23 मार्च को रविवार को 'प्रथमेश 2025' वृहद् रूप से मनाया जाएगा।सकल दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष श्री शांतिलाल वेलावत ने जानकारी में बताया इस वर्ष कार्यक्रम चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य 108 श्री शांतिसागर महाराज के आचार्य पद प्रतिष्ठापन शताब्दी महोत्सव को सभी कार्यक्रम समर्पित किए गए है। संस्थान के संरक्षक पारस सिंघवी ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम का



आयोजन 23 मार्च रविवार को 'ध्वजारोहण' के साथ 'नगर निगम प्रांगण' में प्रारंभ होगा, जिसके पुण्यार्जक पुष्पेन्द्र धन्नावत परिवार होंगे। शोभायात्रा के प्रारंभ में 200 से अधिक वाहनों की रैली रहेगी, जिसके संयोजक मनोज गदिया ,रितेश सापड़िया रहेंगे। शोभायात्रा संयोजक जैन युवा परिषद् केराजेश गदावत, रवीश मुंडलिया, भूपेन्द्र मुंडफोड़ा ,विजय गदावत ने बताया कि इस वर्ष एक अनुठा आयोज़न होगा जिसमें श्री आदिप्रभु का गजरथ, घोड़े, बग्घियों, बैंड, ढोल सहित शहर के प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा सहित आर्यिका संघ सहित श्रावक- श्रविकाओ का समूह प्रभु भक्ति में प्रस्थान करेंगे। ये जुलूस 'टाउन हॉल से प्रारंभ होकर सूरजपोल चौराहा,बापू बाज़ार,दिल्ली गेट,मंडी की नाल,मुखर्जी चौक होते हुए पंचायती नोहरे' में समाप्त होगा। इस शोभायात्रा में महिला प्रकोष्ठ से श्रीमती अंजना गंगवाल, मंजु गदावत, लीला कुर्दिया ,मधु चितौड़ा आदि के सहयोग से से 20 से अधिक जीवंत झांकी, महिला मंडल के घोष , प्रभु के जन्मोत्सव की बधाई का गायन,वादन करते हुए चलेंगे।'पंचायती नोहरे' में धर्म सभा का आयोजन होगा, जिसमें समाज प्रमुख श्रेष्ठियों द्वारा प्रभु का चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन मांगलिक क्रियाएँ सम्पादित होगी। संस्थान के कार्याध्यक्ष शांतिलाल गांगावत ने बताया कि मंगलाचरण के उपरांत उदयपुर नगर में विराजित 'गणिनी आर्यिका 105 श्री सुप्रकाशमति माताजी संसघ ,गणिनी आर्यिका 105 श्री भरतेश्वरमति माताजी ससंघ,आर्यिकार| 105 श्री प्रसन्नमति माताजी' उपस्थित रहेगी। जिनके धर्मौपदेश से जनता लाभान्वित होगी। संस्थान के महामंत्री डॉ.राजेश देवड़ा ने बताया कि इस कार्यक्रम कोउदयपुर शहरविधायक ताराचंदजैन, समारोह गौरव के रूप में गुलाबचंदकोटडिया समारोह अध्यक्षआदेश्वरवक्तावत मुख्य अतिथि ,विशिष्ट अतिथि शांतिलाल जी रोशनलाल जी कोटड़िया कानपुर वासी रहेंगे। कार्यक्रम के पश्चात सभी साधर्मी श्रावक -श्रविकाओ के लिये स्वामी वात्सल्य की व्यवस्था रखी जाएगी जिसके संयोजक पारस कुंनावत, हेमेंद्र दामावत,अशोक गोदडोत, दिनेश वजूआवत , अमृत टीमरवा,जिनेंद्र कुर्दिया,प्रवीण लोलावत रहेंगे। संस्थान के वरिष्ठ मन्त्री गौरव गनोड़िया ने बताया कि प्रथमेश के आयोजन का अंतिम चरण अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन होगा जो लोक कला मंडल में आयोजित किया जाएगा।संस्थान के अध्यक्ष निर्मल मालवी ने बताया कि इस विशिष्ट कार्यक्रम में 'मेवाड़ समाज गौरव के रूप में रोशनलालचितौड़ा,मेवाड़ युवा गौरव के रूप में मायानगरी मुंबई मे टुडे ग्रुपके भावेश आर.शाह' का अलंकरण से संस्थान द्वारा सम्मान किया जाएगा।इस शाम के समारोह गौरवसुनील सिपरिया, अध्यक्ष राजमलगोदड़ोत, मुख्य अतिथि अविनाशजैन होंगे। जहां देश के जाने माने प्रख्यात कवियों विष्णु सक्सेना,जानी बैरागी,शंभु शिखर,अर्जुन अल्हड़,सजल जैन का काव्य पाठ राज अजातशत्रु के संचालन में होगा।जिसके संयोजक संजय गांगावत,कमलेश जेतावत,कमलेश जूसोत, महावीर वाणावत, प्रीतेश वगेरीया है।

## बिजली लाईन के फाल्ट से खड़ी फसल में लगी आग

चित्तौड़गढ़। स्थानीय ग्राम जालमपुरा में डाडमचन्द नायक के खेत में हाई टेंशन लाईन में फाल्ट से गेहूँ की खड़ी फसल में आग लगने से फसल जलकर राख हो गई। गांव के लालसिंह डूडी ने बताया कि ग्राम जालमपुरा में डाडमचन्द नायक के खेत के ऊपर से बिजली की हाई टेन्शन लाईन गुजर रही है। बिजली विभाग की लापरवाही के चलते लाईन में फाल्ट हुआ और चिंगारियाँ निकली जिससे खेत में खड़ी गेहूँ की फसल में आग लग गई और फसल जल कर राख हो गई। गाँव के लोगों ने मौके पर पहुँच कर दमकल की सहायता से आग बुझाई। आस पास के खेतों की लगभग 500 बीघा की गेहूँ की फसल थी जिसमें गांव वालों की सजगता से मात्र 5-6 बीघा फसल को ही नुकसान हुआ।

## डीपीएस उदयपुर में नौनिहालों के लिए आयोजित हुआ एडवेंचर कैंप

**पल पल राजस्थान**


**उदयपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल,उदयपुर में आज विद्यालय परिसर में पूर्व प्राथमिक विभाग तथा प्राथमिक विभाग की कक्षा एक से तीन के विद्यार्थियों के लिए एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में लगभग दो सौ बच्चों ने अपनी माताओं के साथ एडवेंचर कैंप में विभिन्न प्रकार की रचनात्मक व मनोरंजनात्मक गतिविधियों का भरपूर आनंद उठाया। दिल्ली से आई हुई कुशल प्रशिक्षकों की टीम की देखरेख व मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियों को सुरक्षित रूप से संपन्न किया गया। बच्चों ने फ्लाइंग फॉक्स, वाटर जॉर्बिंग, टेंट पिचिंग, माउंटेनियरिंग हेतु सामग्री की पहचान व प्रयोग, रैप्लिंग, नेचर वॉक, रिवर क्रॉसिंग तकनीक, टैली गेम्स,



ऑब्स्टेकल्स एंड रोप कोर्सेज, ट्रेजर हंट जैसी अलग-अलग गतिविधियों में दिनभर एक के बाद एक गतिविधि में भाग लेकर मनोरंजन के साथ बहुत सी नई-नई जानकारियां प्राप्त की। प्राचार्यसंजय नरवरिया ने बताया कि बाल्यकाल ही वह समय होता है जब बच्चे में नया सीखने की जिज्ञासा होती है और एडवेंचर गेम्स एक ऐसा माध्यम है, जिसमें भाग लेकर बच्चे मानसिक रूप से अधिक सशक्त एवं आत्मविश्वासी बनते हैं। स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ ही सामाजिक मूल्य जैसे मेल मिलाप करना, परस्पर सहायता करना, सकारात्मक रहकर अपनी वस्तुएँ व खुशियाँ बाँटना, मैत्री व भाईचारा आदि गुणों का विकास भी होता है। प्रो.वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल ने इस कैंप की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बालक के चहुँमुखी विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस एडवेंचर कैंप का आयोजन किया गया है। जिसमें बच्चों के साथ अभिभावकों ने खूब बढ़-कर कर उत्साह पूर्वक भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर होने वाले ऐसे आयोजनों से बच्चों व अभिभावकों का विद्यालय से संबंध प्रगाढ़ व सुस्थिर बना रहता है। कैंप के समापन के अवसर पर प्रत्येक प्रतिभागी को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

# विकसित भारत यूथ संसद का शुभारंभ

**चित्तौड़गढ़।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्य'म की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. हमेंद्र नाथ व्यास ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य गौतम कुमार कुकड़ा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि प्रो के. एस. कंग, प्रो लादु लाल शर्मा और प्रो आशुतोष व्यास ने कार्य'म की गरिमा बढ़ाई। कार्य'म के अंतर्गत ''वन नेशन, वन इलेक्शन'' विषय पर युवाओं ने प्रभावशाली तीन मिनट के अभिभाषण प्रस्तुत किए। युवाओं ने अपने विचारों के माध्यम से चुनावी प्र'िया में सुधार, लोकतंत्र की मजबूती और एक राष्ट्र-एक चुनाव के संभावित लाभों पर अपने दृष्टिकोण साझा किए। प्राचार्य डॉ. व्यास ने बताया कि भारत सरकार, युवा कार्य'म और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित च्विकसित भारत




युवा संसद द्वारा राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विमर्श में शामिल होने और विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए युवाऔ के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण से प्रेरित यह कार्य'म मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। इसमें पंजीकरण हेतु युवाओं को विकसित भारत से आप क्या समझते है विषय पर एक मिनट का विडियो बनाकर मेरा युवा भारत पोर्टल पर विकसित भारत युवा संसद के इवेंट पेज पर अपलोड करना था। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल के प्रो. राजकुमार लड्डा, प्रो सुमन डाड, प्रो अखिलेश चाष्टा और प्रो भरत वैष्णव, उज्ज्वल दाधीच शामिल थे, जिन्होंने युवाओं के विचारों का मूल्यांकन किया। कार्य'म में कुलदीप प्रजापत, प्रो. संदीप शर्मा, कंचन वर्मा, निर्मल देसाई, राजेश डांगी, भारती मेहता, सुधा पंचोली, गुणवंती मल्होत्रा, हेमलता महावर सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्य'म का मंच संचालन प्रो. बाल कृष्ण लड्डा एवं भरत बारेठ द्वारा किया गया। कार्य'म के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों एवं आयोजकों को बधाई देकर युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों को समझने और स'िय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। नोडल केंद्र के अंतर्गत चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा जिलों के युवाओं ने बढ़ चढ़कर इसमें भाग लिया, जिनमें से कुल 99 प्रतिभागियों का चयन जिला स्तरीय युवा संसद के लिए किया गया है। यह प्रतिभागी जिले में आयोजित होने वाले फिजिकल राउंड में भाग ले रहे है, इसमे चयनित प्रतिभागी च्एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत के लिए मार्ग प्रशस्त करना विषय पर अपने विचार रखेंगे। प्रत्येक नोडल जिले से 10 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का मौका मिलेगा। राज्य स्तरीय युवा संसद, विधानसभा राजस्थान जयपुर में आयोजित होना प्रस्तावित है। इन सभी स्तरों पर चयन प्र'िया में शिक्षाविद, पत्रकार, जन प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी एवं समाज के अन्य लब्ध प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों को शामिल किया गया है।

## ट्री ऑफ लाइफ अमारा रिसॉर्ट एंड स्पा का किया अनावरण

उदयपुर। भारत की सबसे बडी हॉस्पिटैलिटी कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी ने शुक्रवार उदयपुर में ट्री ऑफ लाइफ-अमारा रिसॉर्ट एंड स्पा के उद्घाटन की घोषणा की। आलीशान अरावली पहाडियों के बीच बसा यह शांत रिट्रीट प्राकृतिक परिवेश में आराम और व्यक्तिगत आतिथ्य का एक सहज मिश्रण प्रदान करता है, जो शहर की भागती.दौडती जिंदगी से दूर सुकून प्रदान करता है। यह पेशकश इस ब्रांड के सिद्धांतों के अनुरूप है। आईएचसीएल की ऐक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट.होटल ओपनिंग्स एवं न्यू बिजनेसिस दीपिका राव ने कहा कि आईएचसीएल हमेशा से हॉस्पिटैलिटी फॉरमेट्स में क्रांतिकारी बदलाव लानेए डेस्टीनेशंस में अग्रणी रहने और ऐसे ब्रांडों को आगे बढ़ाने में सबसे आगे रही है जो यात्रियों की बदलती प्राथमिकताओं को पूरा कर सकें। आईएचसीएल के ब्रांडस्केप में ट्री ऑफ लाइफ रिसॉर्ट्स एंड होटल्स को शामिल करना खास यात्राओं को क्यूरेट करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता हैय हम प्रामाणिकता के संग विशिष्टता का संतुलन प्रस्तुत करते हैं।

## गैंग रेप मामले में एक और आरोपी पकड़ा

बांसवाड़ा। जिले की गढ़ी थाना पुलिस ने गैंग रेप के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वही मामले में लिप्त अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पीड़िता ने बुधवार को गढ़ी थाने में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई थीए जिसमें आरोपी मनीष कतिजा सहित अन्य पर सामूहिक बलात्कार करने का आरोप लगाया था। मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को आरोपी की लोकेशन मिल गई। इसके बाद पुलिस ने एक आरोपी अरथुना थाना क्षेत्र के हड़मतिया गांव निवासी मनीष कतिजा पिता प्रभुलाल को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष टीम का गठन किया। जिसका नेतृत्व पुलिस उप अधीक्षक सुदर्शन पालीवाल ने किया था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को उसके छुपने की जगह से धर दबोचा। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर रही है। साथ ही मामले में लिप्त अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

## सूने मकान से नकदी व जेवरात चुराने वाली महिला चोर अरेस्ट

उदयपुर। सूने मकान से 8 लाख रुपए के गहने और 30 हजार रुपए नकद चुराने के मामले में महिला को गिरफ्तार किया गया है। महिला ने अपने मकान मालिक के घर में ही चोरी की थी। महिला चोर को सलूंबर जिले की जावर माइंस थाना पुलिस ने पकडा है। थानाधिकारी पवन सिंह ने बताया कि आरोपी महिला रेखा देवी प्रजापत पत्नी द्वारकेश राजसमंद के रेलमगरा की रहने वाली है। नाका बाजार स्थित मकान में रहने वाले राजेश सेन ने चोरी का मामला दर्ज करवाया था। मकान मालिक राजेश ने रिपोर्ट में बताया था कि वह जरूरी काम के लिए उदयपुर गया था। उनकी पत्नी अनीता अपने भाई के निधन होने पर पीहर गई हुई थी। वह अपने कमरों का ताला लगाकर किराएदार रेखा देवी को मुख्य गेट की चाबी सौंपकर गया था। शाम को पडोसियों से पता लगा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला है। इस पर तुरंत घर पहुंचा। अलमारी के ताले टूटे हुए और सोने की एक तोला की चार चूडियां, साढ़े तीन तोला हार, 3 तोला मंगलसूत्र, डेढ़ तोला नाक का वेसर और 30 हजार रुपए नकद गायब थे। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से जेवरात और नकदी बरामद किए।

## औदिच्य समाज का होली स्नेह मिलन व फाग महोत्सव 23 को

उदयपुर। औदिच्य समाज केन्द्रीय कार्यकारिणी विश्वेश्वर महादेव के तत्वावधान में समाज के समस्त कुटुबों का होली स्नेल मिलन कार्यक्रम व फाग महोत्सव 23 मार्च को बडगांव स्थित नारायण फार्म में आयोजित होगा। यह आयोजन समाज के समस्त भामाशाहों एवं प्रबुद्धजनों के सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन की रूररेखा एवं तैयारियों को लेकर समाज के वरिष्ठजनों की गरियामय उपस्थिति में औदिच्य समाज केन्द्रीय कार्यकारिणी के अध्यक्ष कमलेश शर्मा की अध्यक्षता में बडगांव सामुदायिक भवन में बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर बडगांव कुटुंब अध्यक्ष नारायण लाल व्यास ने केन्द्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन किया और इस आयोजन को सफ्ल बनाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। केन्द्रीय कार्यकारिणी के महामंत्री दुर्गाशंकर शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर होली स्नेह मिलन के साथ फाग कार्यक्रम रखा गया है जिसमें समाज के समस्त महिला व पुरुष पारंपरिक वेशभूषा में आएंगे। शाम को स्नेहभोज रखा गया है। वहीं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। अंत में बडगांव कुटुब के महामंत्री भंवरलाल त्रिवेदी ने सभी का आभार जताया। बैठक में केन्द्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों सहित बडगांव कुटुब के पदाधिकारी, सलाहकार मण्डल एवं युवा उपस्थित रहे।

# यूडीए ने तीन दुकान और एक बिल्डिंग को किया ध्वस्त




पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** विकास प्राधिकरण ने शुक्रवार को बड़गांव में 60 फीट रोड की सीमा में आ रहे निर्माणों को तोड़ा है। जिसके तहत तीन दुकान और एक बड़ी बिल्डिंग को ध्वस्त किया गया। यूडीए की टीम ने बड़गांव सड़क सीमा में आ रही दो दुकानों को तोड़ने के बाद एक कई मंजिला भवन को तोड़ा गया। यूडीए कमिश्नर राहुल जैन ने बताया कि बड़गांव मुख्य मार्ग को साल 2022 में 60 फीट चौड़ा करने का प्रस्ताव पास हुआ था और उसके बाद वहां काम शुरू कर दिया गया था और कुछ मकान मालिकों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था और कोर्ट में मामला चला गया और तब से मामला अटका गया था। यूडीए को इन मकान मालिकों की सहमति मिलने के बाद अब यहां ये निर्माण तोड़ते हुए कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई में इस दौरान पटवारी सुरपाल सिंह सोलंकी के साथ होमगार्ड आदि मौजूद थे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

## सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आगाज

पल पल राजस्थान

**उदयपुर।** शहर के तारा संस्थान और सर्व सनातन एकता संघ द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन उदयपुर शहर के सेक्टर 14 स्थित तारा संस्थान के आनंद वृद्धाश्रम में किया जा रहा है। यह भव्य कथा बाल संत राव दक्षराज सिंह के मुखारविंद द्वारा सुनाई जा रही है। इस धार्मिक आयोजन की शुरुआत विशेष कलश यात्रा से हुई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कलश यात्रा का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया और इस अवसर पर श्रोताओं की भारी संख्या ने अपने समर्पण और भक्ति का प्रदर्शन किया। भागवत कथा का यह सात



दिवसीय आयोजन धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक उन्नति के लिए है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की भावना को भी मजबूत करेगा। आयोजक तारा संस्थान और सर्व सनातन एकता संघ का मानना है कि इस कथा के माध्यम से भक्तगण भगवान श्री कृष्ण की महिमा से अवगत होंगे और अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रेरणा प्राप्त करेंगे। इस दौरान गणेश मारु, उमराव सिंह, चेतन कुमावत, सुनिल कुमार जैन मोजुद रहे।

### लोकसभा में सांसद मन्नालाल रावत के प्रश्न पर दी गई जानकारी

## उदयपुर में ढाई लाख से ज्यादा मरीजों को कार्ड का लाभ मिला

**उदयपुर।** राजस्थान में करीब 2 करोड 23 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं। इस कार्ड से लाखों की संख्या में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिला है। उदयपुर संसदीय क्षेत्र में ही यह संख्या तीन लाख से ज्यादा है। लोकसभा में सांसद मन्नालाल रावत द्वारा राजस्थान में आयुष्मान कार्ड की स्थिति को लेकर पूछे गए अतारांकित प्रश्न के जवाब में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव की ओर से यह जानकारी दी गई। सांसद डॉ. रावत ने देश में अब तक जारी किए गए आयुष्मान कार्डों का राज्य व संघ राज्य क्षेत्र.वार ब्यौराए राजस्थान में जारी किए गए आयुष्मान कार्डों का जिला-वार ब्यौरा तथा राजस्थान में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाभ उठाने वाले लाभार्थियों की संख्या तथा इस पर जिले वार व्यय को लेकर जानकारी मांगी थी। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि 18 मार्च 2025 तक की स्थिति के अनुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ;एबी. पीएमजेएवाईद्ध के तहत 36 करोड 86 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इस तिथि तक राजस्थान राज्य में 2 करोड 23 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। राजस्थान में लाखों लोगों को इस योजना के तहत स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई है। उदयपुर संसदीय क्षेत्र की बात करें तो उदयपुर जिले में अस्पताल में भर्ती 2 लाख 67 हजार 321 मरीजों पर 253 करोड 11 लाख रुपए, सलूंबर जिले में 12 हजार 236 मरीजों पर 14 करोड 13 लाख तथा प्रतापगढ जिले में 76 हजार 293 मरीजों पर 60 करोड 16 लाख खर्च हुए। उदयपुर संसदीय क्षेत्र में उदयपुर जिले में 8 लाख 75 हजार 894, सलूंबर जिले में 2 लाख 57 हजार 30 तथा प्रतापगढ जिले में 3 लाख 48 हजार 320 आयुष्मान कार्ड अब तक बनाए गए हैं।

## आरएएस मुख्य परीक्षाओं के लिए जयपुर में निःशुल्क सुविधाएं

उदयपुर। राजस्थान प्रशासनिक सेवा की मुख्य परीक्षा की तैयारी कर रही अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं के लिए जनजाति विभाग की और से जयपुर में निःशुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उदयपुर में जनजाति आयुक्त शक्ति सिंह राठौड ने बताया. यह सुविधा एसटी वर्ग की उन छात्राओं के लिए है जो जयपुर में रहकर कोचिंग व तैयारी करना चाहती हैं लेकिन आर्थिक कारणों से किराए पर कमरा लेने में असमर्थ हैं। चयनित छात्राओं को बहुउद्देश्यीय जनजाति बालिका छात्रावास, जयपुर में प्रवेश दिया जाएगा, जिससे वे बिना किसी आर्थिक बोझ के अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित कर सकें। उन्होंने बताया कि सरकार की यह पहल जनजाति वर्ग की छात्राओं को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है। यह योजना न केवल आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की छात्राओं को राहत देगी, बल्कि उन्हें प्रशासनिक सेवाओं में करियर बनाने का बेहतर अवसर भी प्रदान करेगी।

**पात्रता के लिए यह है शर्तें**

अभ्यर्थी छात्रा राजस्थान की मूल निवासी हो

छात्रा अनुसूचित जनजाति वर्ग से संबंधित हो

राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवा संयुक्त भर्ती परीक्षा 2024 की प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर चुकी हो

अभ्यर्थी एवं उसके माता-पिता की **कुल वार्षिक आय 8 लाख रुपये से कम हो**

यदि माता-पिता में से कोई राजस्थान सरकार में कार्यरत हैं, तो उनका वेतन पे-मैट्रिक्स लेवल 11 से अधिक नहीं होना चाहिए

अभ्यर्थी को जयपुर में रहकर आरएएस मेन्स की कोचिंग/तैयारी करना अनिवार्य होगा, चयनित छात्राओं को छात्रावास परिसर में रहकर अध्ययन करना होगा

**यहां कर सकते सम्पर्क**

उन्होंने बताया कि इससे संबंधित अधिक जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए इच्छुक छात्राएं जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की आधिकारिक वेबसाइट या शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण केंद्र, जयपुर में संपर्क कर सकती हैं।

## साकरिया खेडी ग्राम पंचायत के ग्रामीणों का जंगी प्रदर्शन

**मावली।** पंचायत समिति क्षेत्र की साकरिया खेडी ग्राम पंचायत को मावली पंचायत समिति से निकालकर खेमली पंचायत समिति में स्थानातंरित करने एवं साकरिया खेडी ग्राम पंचायत के राजस्व गांव भीमल चारणान से निकालकर सालेरा कला ग्राम पंचायत में डालने के विरोध में साकरिया खेडी पंचायत के ग्रामीणों ने कुलदीप सिंह चुण्डावत के नेतृत्व में एसडीओ मुख्यालय पर जबरदस्त प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें कुछ नेताओं की मिलीभगत है जो साकरिया खेडी पंचायत वासियों के लिए समस्याएं पैदा करना चाहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि साकरिया खेडी ग्राम पंचायत पूर्व में 1995 तक बोयणा ग्राम पंचायत में आती थी तब भी इसकी पंचायत समिति, तहसील और उपखंड मावली ही था। 1995 में अपने गठन के समय से ही साकरिया खेडी ग्राम पंचायत मावली पंचायत समिति में आती है एवं उसका तहसील कार्यालय उपखण्ड कार्यालय भी मावली है लेकिन कतिपय नेताओं की साजिश के तहत



जानबूझकर साकरिया खेडी ग्राम पंचायत को मावली पंचायत समिति से निकालकर खेमली पंचायत समिति में डाला जा रहा है। और खेमली पंचायत समिति को भी घासा ले जाने का प्रयास किया जा रहे हैं ऐसी स्थिति में समस्या और भी ज्यादा विकट हो जायेगी। राजस्व गांव भीमल चारणान जो कि साकरिया खेडी ग्राम पंचायत में स्थित है उसको भी इस पंचायत से निकालने का प्रयास किया जा रहा हैं जबकि साकरिया खेडी ग्राम पंचायत में रहते हुए भीमल चारणान में बहुत अधिक विकास कार्य हो रहे है और ग्रामीण भी इसी पंचायत में रहना चाहते हैं। प्रदर्शन के दौरान सालेरा कला ग्राम पंचायत में आने वाले राजस्व गांव शोभजी का खेड़ा के ग्रामीणों ने भी भाग लिया। उनका कहना था कि हमें कभी नामरी ग्राम पंचायत में जोड़ा जाता है तो कभी सालेरा कला पंचायत में जोड़ा जाता है। अभी हमारे गांव को साकरिया खेडी ग्राम पंचायत में डालने का प्रयास किया जा रहा हैं।

## अरविंद सिंह मेवाड़ को श्रद्धांजलि अर्पित की



उदयपुर। श्रीमेवाड़ सगसजी लोकसेवा संस्थान, सकल राजपूत महासभा, क्षत्रिय करणी सेना, जय हनुमान राम चरित मानस प्रचार समिति ट्रस्ट, श्री काली गातौड़ सेवा संस्थान ट्रस्ट, सर्व संप्रदाय संत संस्थान, चित्तौड़ा हस्त शिल्प कलाकेंद्र, मेवाड़ विकास मंचए पुरुष परिवार परामर्श केन्द्र, रंगीला भेरू सेवा समिति, मातृ कृपा सेवा संस्थानए मेवाड़ शक्ति कल्याण ट्रस्ट, सीनियर एडवोकेट्स कंचन सिंह देवेंद्र सिंह हिरण एसोसिएट्स, फैडरेशन ऑफ एनजीओ राज-स्थान प्रदेश सहित शहर के जाने माने सर्वजन समाज धर्म सेवी संगठनो संस्थाओं के वरिष्ठ कार्यकर्ता पदाधिकारीयो कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा, त्रिभुवन सिंह चावड़ा, अनिल सिंह परिहार, रामनाथ सिंह चौहान, सुरेंद्रसिंह खींची, डॉ. चंद्रप्रकाश चित्तौड़ा, पंडित सत्यनारायण चौबीसा, महंत इंद्रदेव दास, महंत नारायण दास वैष्णव, महंत राधिका शरण शास्त्री, महंत दयाराम स्नेही, लालसिंह कुमावत, महिला समाज सेवी बसंती वैष्णव सहित अनेक जाने माने श्रेष्ठिजन उपस्थित थे जिन्होंने राजमहल परिसर में पहुंच कर श्रीजी हुजूर अरविंद सिंह जी मेवाड़ को पुष्पांजलि अर्पित करके मेवाड़ महाराज कुंवर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ से भेंट करके उनके प्रति हार्दिक आत्मिक सहानुभूति व्यक्त की है। यह जानकारी कुंवर विजयसिंह कच्छवाहा ने दी है।

## एक्सपो में तीसरे दिन एक जिला एक प्रोडक्ट सहित अन्य विषयों पर हुए तकनीकी सत्र

**उदयपुर।** उदयपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' द्वारा यूसीसीआई में पांच दिवसीय राजस्थान ट्रेड एक्सपो के तीसरे दिन टैक्निकल सेशन के तहत एक जिला एक प्रोडक्ट (ओडीओपी) बिजनेस अपोरच्युनिटी फोर एमएसएमइस पर परिचर्चा का आयोजन हुआ। परिचर्चा के मुख्य वक्ता शैलेन्द्र शर्मा, पी.एन. शर्मा एवं कपिल सुराना थे। इन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों को परिचर्चा के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में बताया कि किस तरह से इन योजनाओं से उद्यमी जुड़ सकते हैं और इससे लाभान्वित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिजनेस करने के केवल दो ही तरीके होते हैं पहला तो यह कि अपने उत्पाद की गुणवत्ता के साथ कतई समझौता नहीं करें। कोई भी उद्यमी चाहे मसालों का ही उत्पाद कर रहे हो लेकिन वह ऐसे हो कि वह आप अपने घर वालों को भी शुद्धता के साथ खिला सकें। दूसरा यह कि



उद्यमी को हमेंशा कस्टमरों को भगवान मानना चाहिये, या उन्हें भगवान मान कर ही काम करना चाहिये। जिन मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा हुई उनमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री निर्यात वृद्धि अभियान, नियोजन से सम्बन्धित राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में भाग लेने पर व्यय का 75 प्रतिशत अनुदान आवागन हेतु सहायता। अधिकतम तीन लाख रूपए प्रति वर्ष। इसका लाभ 2 वर्ष में एक बार लिया जा सकता है। उत्पाद सम्बन्धित प्रामाणिकरण हेतु व्यय का 75 प्रतिशत अनुदान जिसकी अधिकतम सीमा 50 लाख। आधुनिक तकनीक की प्रगति एवं उन्नयन हेतु व्यय का 75 प्रतिशत धिकतम 50 लाख।

एक्सपोर्ट में वृद्धि हेतु ई कामर्स को प्रोत्साहन करने के लिए कुल फीस का 75 प्रतिशत पुनर्भरण अधिकतम सीमा दो लाख। रिप्स 2024 के तहत प्रथम बार निर्यात पर माल भाड़ा लागत का 25 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 25 लाख रू. तक।

इसके अलावा अन्य प्रोत्साहनों में प्रोद्योगिकी सोफ्टवेयर के अधिग्रहण की योजना, गुणवत्ता प्रमाणन और मानकों में सहायता के लिए योजना, सतत प्रथाओं एवं नवीनीकरण ऊर्जा के लिए प्रोत्साहन योजना, एकीकृत कलस्टर विकास योजना के माध्यम से बुनियादी ढांचे का विकास, कौशल विकास के लिए पहल, विपणन सहायता के लिए योजना एवं ई-कोमर्स को बढ़ावा देने के लिए योजना पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा अन्य तकनीकी सत्रो में सोनाली बायोगैस प्रा.लि.के निदेशक शबरीक दास कश्यपबायोगैस में एमएसएमई के लिये व्यवसायिक अवसरों पर,एमएसएमई के लिये क्रेडिट फेसिलिटी पर यस बैंक लि. के रामसिंह यादव व इण्डियन फिनेन्स मशीन के देवनारायण माली ने उपयोगी जानकारी दी। प्रारम्भ्ज्ञ यूसीसीआई के महासचिव पवन तलेसरा स्वागत उद्बोधन दिया। परिचर्चा के दौरान पीएचडी चेम्बर के राजस्थान प्रमुख आर.के.गुप्ता सहित यूसीसीआई के अनेक पदाधिकारी मौजूद थे।

## पांच दिवसीय ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप शुरू




**उदयपुर।** उदयपुर मार्शल आर्ट्स अकादमी के पांच प्रतिभाशाली खिलाड़ी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी किकबॉक्सिंग चौंपियनशिप में भाग लेने के लिए मेरठ स्थित सुभारती विश्वविद्यालय पहुंचे हैं। ये सभी खिलाड़ी 21 से 25 मई तक आयोजित होने वाली इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे है। एकेडमी के निदेशक सेंसेई पंकज चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित खिलाड़ियों में भावेश चौधरी, करण मेनारिया, बंसी पारगी, सुजल मेघवाल और दिविज सोलंकी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ये सभी खिलाड़ी कड़ी मेहनत और अनुशासन के बल पर इस मुकाम तक पहुंचे हैं और प्रतियोगिता में सभी से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद है।

सेंसेई चौधरी ने कहा कि यह एकेडमी के लिए गर्व की बात है कि एकेडमी के 5 खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने जा रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उम्मीद जताई कि वे पदक जीतकर प्रदेश और विश्वविद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

# मोदी सरकार में किसानों की हालत बहुत खराब : सपा

## विपक्ष ने केंद्र सरकार पर लगाया किसानों की जमीन हड़पने का आरोप

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। विपक्ष ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों की जमीन हड़पने का काम कर रही है, डीजल, जीएसटी आदि के माध्यम से टैक्स वसूलने में लगी है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गांरटी देने से बच रही है जिससे देश के किसान की हालत बहुत खराब है। समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव ने कहा कि कभी किसानों की फसल आलू का किसान कर्ज डूबा है और चिप्स के कारोबारी मुनाफा कमा रहा हैं। धान के किसान, गेहूं, मक्के के किसान परेशान है और पॉप कॉर्न वाले मुनाफे में हैं भाजपा के लोग किसानों की उपज एवं जमीनों पर निगाहें हैं। प्राइवेट बैंकों के साथ सांठगांठ ना केवल उनकी मांग का समर्थन करता हूं स्वामीनाथन रिपोर्ट के फॉर्मूले के हिसाब से लागू किया गया। श्रद्धेय नेताजी के संस्कार प्रधानमंत्री की गारंटी किसानों के लिए कहां चली गई। गन्ना किसानों का सवाल है, सबसे बड़ा उत्पादक राज्य उत्तर प्रदेश है। अखिलेश यादव सरकार ने 90 रुपए समर्थन मूल्य आठ साल में केवल 30 रुपए बढ़ाया।15 दिन में भुगतान करेंगे नहीं तो ब्याज देंगे। सालों साल तक मूल ही नहीं मिला सबसे ज्यादा दिक्कत है छुट्टा जानवरों की सर्दी गर्मी बरसात 12 माह किसानों के परिवार खेतों में पड़े हैं। एक बार स्थायी कृषि बजट कम कर दिया, कृषि अनुसंधान पर आवंटन कम कर दिया, सिंचाई का इंतजाम नहीं है, मंडी में समस्या है। किसान बहुत परेशान है। भाजपा को लगता है कि किसानों की स्थिति बहुत अच्छी है। जीएसटी, अंतरराज्यीय सीमाओं पर रोक देते हैं। हर हाल में किसानों को



सरकार डीजल, जीएसटी आदि के माध्यम से टैक्स वसूलने में लगी है व न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी गांरटी देने से बच रही है : धर्मेन्द्र यादव

गुमराह करते हैं कि किसानों का कर्ज माफ कर देंगे तो खजाने पर बोझ आएगा। लागत का डेढ़ गुना मूल्य कर दो किसान कभी कुछ नहीं कहेंगे।

### फसल बीमा योजना में गड़बड़ी का लगाया आरोप

शिव सेना (उद्धव गुट) के संजय जाधव ने कहा कि सरकार ने किसानों की आय को दोगुना करने की बात की गई है थी लेकिन आज तक उनकी आमदनी नहीं बढ़ी। उन्होंने फसल बीमा योजना में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार से इसमें कार्रवाई करने की मांग की है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) अमोल कोल्हे ने कहा कि जहां देश की दो तिहाई आबादी खेती पर निर्भर है वहीं खेती के लिए बजट में आवंटन है मात्र 3.1 प्रतिशत है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में 23 प्रतिशत की कटौती है। इससे कैसे होगी किसान की आय दोगुनी। उन्होंने कहा प्याज को जब एमएसपी देने की बात की जाती है तो सरकार कहती है प्याज जीवन आवश्यक वस्तु नहीं है लेकिन जैसे ही किसान को फायदा होने का समय आता है सरकार निर्यात पर शुल्क बढ़ा देती है और प्याज को जीव आवश्यक वस्तु बता देती है। सरकार से हमेशा से निर्यात पाबंदी हटाकर एमएसपी के दायरे में लाकर तीन हजार रुपये प्रति क्यूंटल किया जाए। तृणमूल कांग्रेस की शताब्दी राय ने पश्चिम बंगाल सरकार की योजनाओं के बारे में बताया और कहा कि केंद्र सरकार को भी उन योजनाओं को लागू करना चाहिए। चर्चा में द्रविड़ मुनेत्र के टी एन सेल्वागणपति ने भी प्रस्ताव का विरोध किया और कहा कि देश के 18 करोड़ किसान कर्ज के बोझ से दबे हैं। उनके कर्ज को माफ किया जाना चाहिए। कांग्रेस के जयप्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान निधि योजना में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हो रहा है। एफसीआई को ठेका देने, मंडियों को बंद करने का काम किया जा रहा है। इसकी निंदा करते हैं। भाजपा ने चंद धन्ना सेठों का भला किया लेकिन किसानों का नहीं। सरकार ने भूमि अधिग्रहण कानून बदल कर किसानों की जमीन हड़पने का काम किया है।

### किसान सम्मान निधि छह हजार से बढ़ाकर बारह हजार किया जाना चाहिए : चन्नी



कांग्रेस के चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि किसान सम्मान निधि छह हजार से बढ़ाकर बारह हजार किया जाना चाहिए। किसानों को एमएसपी पर प्रति क्विंटल एक सौ रुपया अलग से दिया जाए ताकि वह पराली को जलाने के बजाय उसे खेतों से उठाकर ले जाए। उन्होंने कहा कि किसानों से वादा करके आंदोलन को खत्म किया था लेकिन वादा पूरा नहीं किया गया। किसानों ने दोबार आंदोलन शुरु किया तब हरियाण की सीमा को सरकार ने बंद कर दिया और किसानों को रास्ता रोकने के लिए बदनाम किया जा रहा है। किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है। सरकार विश्वास से चलती है और लोगों का सरकार पर विश्वास ही नहीं रहेगा तब कैसे चलेगा। सरकार ने किसानों से बातचीत की और रात के अंधेरे में किसानों को वहां से हटा दिया। भाजपा किसानों का बर्बाद करना चाहती है। माकपा के के. राधाकृष्णन ने कहा कि सरकार किसानों की समस्याओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही है। किसानों को नजरअंदाज किया जाना है, हमें कृषि क्षेत्र को भूलना नहीं चाहिए। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुसार किसानों को उनकी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य नहीं दिए जा रहे हैं।

# समूचे देश में अपराध की राजधानी बन गई है दिल्ली : अजय माकन

## अपराध की निरंतर बढ़ती घटनाओं पर जताई चिंता

**नई दिल्ली,** 21 मार्च (एजेंसियां)। राज्यसभा में शुक्रवार को विपक्षी दलों ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अपराध की निरंतर बढ़ती घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि समूचे देश में दिल्ली में अपराध की सबसे अधिक घटनाएं हो रही हैं और यह 'अपराध की राजधानी' बन गई है।



कांग्रेस के अजय माकन ने सदन में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा की शुरूआत करते हुए राजधानी दिल्ली में अपराध की घटनाओं से संबंधित आंकड़ो की लंबी सूची पेश करते हुए कहा कि यहां महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 144 प्रतिशत है जो देश में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सीधे केन्द्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आती है और हैरानी की बात है कि यहां अपराध से संबंधित 77 हजार मामले दर्ज किये गये हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली में केन्द्र और राज्य सरकार को मिलकर काम करना होगा। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के कामकाज में विसंगति का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से इस संगठन में विभिन्न अपराधों के आंकड़ों के साथ-साथ आंदोलन और अनशन के आंकड़े भी दर्ज किए जाते थे लेकिन सरकार ने वर्ष 2017 में इसे बंद कर दिया। इसका तर्क यह दिया गया कि इन्हें अपराध की एक श्रेणी में पहले से ही दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि अनशन या आंदोलन कब से अपराध की श्रेणी में आ गया है।

### देश में बहुत तेजी से बढ़ रहीं नशे की घटनाएं

कांग्रेस नेता अजय माकन ने कहा कि देश में नशे की घटनाएं बहुत तेजी से बढ़ रही हैं और इनकी संख्या एक लाख 15 हजार के आंकड़े को पार कर गयी हैं। उन्होंने कहा कि सिंथेटिक ड्रग्स की मात्रा बहुत तेजी से बढ रही है जो चिंता का विषय है। उन्होंने पंजाब में ड्रोन के माध्यम से ड्रग और विस्फोटक पदार्थों की तस्करी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने सीमा पर बुनियादी ढांचे की निधि के समुचित इस्तेमाल की जरूरत पर बल दिया और कहा कि यह निधि बिना खर्च किए बड़ी संख्या में वापस की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार एक चौथाई आवंटन को खर्च नहीं कर पा रही है।

## सार संक्षेप

### जम्मू में पीएचई दैनिक वेतनभोगियों की हड़ताल विफल

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने शुक्रवार को यहां मुख्यमंत्री आवास तक विरोध प्रदर्शन कर रहे पीएचई दैनिक वेतनभोगियों पर लाठीचार्ज किया और मार्च को विफल कर दिया। विरोध प्रदर्शन के दौरान दैनिक वेतनभोगियों ने 10 मार्च को तीन दिवसीय हड़ताल और 20 मार्च से जलापूर्ति बंद करने की घोषणा की थी। उमर अब्दुल्ला द्वारा विस में पेश जम्मू-कश्मीर सरकार के हालिया बजट में उनके नियमितीकरण और उनकी मांगों पर विचार न किए जाने को लेकर दैनिक वेतनभोगी विरोध कर रहे हैं।

### हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने की समय सीमा बढ़ी

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने एक अप्रैल, 2019 से पहले पंजीकृत वाहनों पर हाई-सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगाने की समय सीमा एक बार फिर बढ़ा दी है। राज्य परिवहन विभाग ने मूल रूप से इस साल 31 मार्च की समयसीमा तय की थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दिया गया। धीमी गति से क्रियान्वयन के कारण अब समय सीमा को बढ़ाकर 30 जून कर दिया गया है। बड़ी संख्या में पुराने वाहन विनियमन का अनुपालन नहीं कर रहे हैं, जिसके कारण परिवहन विभाग ने जागरूकता अभियान तेज कर दिया है, और इसलिए समय सीमा को एक बार और बढ़ा दिया है।

### चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमाला मंदिर में की पूजा अर्चना

**तिरुमाला।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को अपने परिवार के साथ तिरुमाला मंदिर में पूजा अर्चना की। अपने पोते नारा देवांश के जन्मदिन के मौके पर, नायडू ने अपनी पत्नी भुवनेश्वरी, पुत्र और मंत्री नारा लोकेश, बहू नारा ब्रह्मानी और पोते के साथ श्रीवेंकटेश्वर स्वामी के दरबार में पूजा अर्चना की। इससे पहले, जब मुख्यमंत्री मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से वैकुण्ठम क्यू कॉम्प्लेक्स के माध्यम से पहुंचे, तो उन्हें पारंपरिक इष्टिकापल स्वागत मंदिर के पुजारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर, टीटीडी के अध्यक्ष बीआर नायडू, ईओ श्यामा राव और अतिरिक्त ईओ च. वेंकैया चौधरी ने राज्य के मुख्यमंत्री और उनके परिवार का स्वागत किया।

### सिंधिया घराने के धार्मिक स्थल छत्री परिसर में लगी आग

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी के प्रसिद्ध पर्यटन एवं सिंधिया घराने के धार्मिक स्थल छत्री के परिसर में शुक्रवार दोपहर बाद अचानक भीषण आग लग गई, जिस पर काबू पा लिया गया। सूत्रों के अनुसार छत्री परिसर के बहुत बड़े क्षेत्र में बड़े-बड़े पेड़ एवं सूखी घास लगी हुई है। उसमें अचानक वन विद्यालय के सामने वाले हिस्से में तथा बाजा घर के सामने वाले हिस्से में आग लग गई।

# विधायक निधि में भेदभाव कर रही मध्य प्रदेश सरकार : जीतू पटवारी

**भोपाल,** 21 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि राज्य में विधायक निधि में पक्ष-विपक्ष के विधायकों के बीच भेदभाव है और मुख्यमंत्री इस पर संज्ञान लें। पटवारी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ.यादव को पत्र लिखते हुए आरोप लगाया है कि राज्य सरकार विधायकों को दी जाने वाली विधायक निधि में भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी विधायकों को उनके क्षेत्र के विकास के लिए 15 करोड़ रुपए की विधायक निधि दी जा रही है, जबकि कांग्रेस विधायकों को इससे वंचित रखा जा रहा है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा विधायकों को जो निधि दी जा रही है, उसमें से भी सिर्फ 30 से 35 फीसदी राशि विकास के लिए खर्च हो रही है, बाकी पूरी राशि भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि सभी विधायकों को समान रूप से विधायक निधि दी जाए और निधि के आवंटन एवं व्यय की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए।वहीं दूसरी ओर मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आयकर विभाग के महानिदेशक से मुलाकात कर उन्हें राज्य में इन दिनों चर्चाओं में बने हुए कथित परिवहन घोटाले से जुड़े दस्तावेज सौंपे। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने विभाग के महानिदेशक को ज्ञापन और दस्तावेज सौंपते हुए आरोप लगाया कि मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने लोकसेवक के पद पर रहते हुये भ्रष्टाचार कर स्वयं और परिवार के नाम पर बेनामी संपत्ति अर्जित की है और अवैध लेनदेन हुआ है।



डॉ.मोहन यादव को पत्र लिखकर किया आग्रह

# जनसंख्या आधारित परिसीमन के खिलाफ हों एकजुट : स्टालिन

## तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने बुलाई जेएसी की बैठक

**चेन्नई,** 21 मार्च (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) अध्यक्ष एमके स्टालिन ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा प्रस्तावित जनसंख्या आधारित परिसीमन अभ्यास, कुछ राज्यों को कमजोर करने का जानबूझकर किया गया एक प्रयास है। स्टालिन ने जनसंख्या आधारित परिसीमन के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया। सत्तारूढ़ द्रमुक ने पहले एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी, क्योंकि प्रस्तावित योजना से देश के दक्षिण के राज्यों में लोकसभा सीटों की संख्या कम हो सकती है। इन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण उपायों को प्रभावी ढंग से लागू किया है। सत्तारूढ दल ने कई दलों के प्रतिनिधियों वाली एक संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) बनाने का संकल्प लिया था। साथ ही केंद्र से इस मुद्दे पर 2026 के बाद अगले 30 वर्षों तक यथास्थिति बनाए रखने का आग्रह किया था। शनिवार को यहां द्रमुक द्वारा बुलाई गई गैर-भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और 20 से अधिक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों सहित सात राज्यों के नेताओं के साथ जेएसी की महत्वपूर्ण बैठक से पहले, स्टालिन ने एक वीडियो संबोधन में कहा कि प्रस्तावित परिसीमन भारत में संघवाद की नींव पर प्रहार करेगा। उन्होंने कहा कि इससे लोकतंत्र का सार ही खत्म हो जाएगा। संसद में हमारी आवाज दबा दी जाएगी। हमारे अधिकारों से समझौता किया जाएगा।



जनसंख्या आधारित परिसीमन, कुछ राज्यों को कमजोर करने का किया गया प्रयास : स्टालिन

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उन कुछ राज्यों को कमजोर करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है, जिन्होंने अपनी जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित किया है, कुशलतापूर्वक शासन किया है और राष्ट्रीय प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उन्हें केंद्र सरकार द्वारा दंडित नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष परिसीमन अभी चर्चा का विषय है और द्रमुक ने इसे क्यों ध्यान में रखा, स्टालिन ने कहा कि 2026 तक परिसीमन हो जाएगा। और अगर जनसंख्या के आधार पर परिसीमन किया जाता है, तो संसद में हमारा प्रतिनिधित्व बुरी तरह प्रभावित होगा।

### बीजद होगा जेएसी की बैठक में शामिल

**भुवनेश्वर।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन द्वारा परिसीमन पर बुलाई गई संयुक्त कार्रवाई समिति की बैठक में बीजू जनता दल (बीजद) के पूर्व सांसद अमर पटनायक और पूर्व मंत्री संजय दासबर्मा शामिल होंगे। पटनायक और श्री दासबर्मा दोनों बैठक में बीजद का प्रतिनिधित्व करेंगे। बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने उन्हें बैठक में शामिल होने के लिए नामित किया है, जो 22 मार्च को चेन्नई में होने वाला है। इससे पहले 11 मार्च को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सांसद दयानिधि मारन और तमिलनाडु के उद्योग मंत्री टी.आर.बी. राजा ने नवीन निवास पर पटनायक से मुलाकात की और उनसे परिसीमन एवं निर्वाचन क्षेत्र पुनर्गठन मुद्दे पर स्टालिन द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया।

# झारखंड में कई बीमारियों के उन्मूलन के लिए व्यापक कार्यक्रम संचालित : हेमन्त सोरेन

## यूनिसेफ की ओर से आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

**रांची,** 21 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को कहा कि जीवन शैली में बदलाव, रहन-सहन, खान -पान, पर्यावरण और जेनेटिक कारणों से आज डायबिटीज, कैंसर, हृदय रोग और अस्थमा जैसी कई गैर संचारी बीमारियां लोगों को तेजी से अपनी गिरफ्त में लेती जा रही है। सोरेन ने शुक्रवार को झारखंड विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रबीन्द्र नाथ महतो की अध्यक्षता में यूनिसेफ की ओर से आयोजित राउंड टेबल ऑन प्रीवेंटिंग चाइल्डहुड नॉन कम्युनिकेबल डिसीज थ्रू हेल्दी डाइट्स पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर में कमोबेश ऐसी बीमारियां देखने को मिल रही है। अगर हम सभी अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क नहीं हुए ,तो ऐसी बीमारियां हमारी जिंदगी के लिए खतरा बन सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई बीमारियों के उन्मूलन के लिए व्यापक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हमारी जिंदगी के लिए खतरनाक बनती जा रही कैंसर और हृदय रोग जैसी गैर संचारी बीमारियों से बचने के लिए हमें अपनी जीवन शैली में बदलाव लाने के साथ खान-पान में हेल्दी डायट्स के इस्तेमाल एवं ज्यादा से ज्यादा शारीरिक गतिविधियों पर फोकस करने की जरूरत है।



### स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक बनाने को सरकार प्रयासरत

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक और बेहतर बनाने के लिए हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है, ताकि लोगों को होने वाली बीमारी की पहचान के साथ उसके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि राज्य के कई ऐसे हिस्से हैं, जहां लोगों में विशेष तरह की बीमारियां ज्यादा देखने को मिलती है। सिमडेगा जैसे जिलों में सिकल सेल और एनीमिया जैसी बीमारियां आम है, तो साहिबगंज और संथाल के हिस्सों में कालाजार का प्रभाव ज्यादा है। ऐसी और भी कई बीमारियां हैं, जो क्षेत्र विशेष में विशेष रूप से लोगों को हो रही है।

# अरुणाचल में अंतरराज्यीय ड्रग गिरोह का भंडाफोड़

**ईटानगर,** 21 मार्च (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए यहां के निकट चिम्पू में सक्रिय अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 60.4 ग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ के साथ 40 हजार रुपए नकद जब्त किए हैं। ईटानगर पुलिस अधीक्षक रोहित राजबीर सिंह ने कहा कि विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ केंगो दिर्ची के नेतृत्व में एक पुलिस दल ने ईटानगर पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी विवेक मौर्य, चिम्पू पीएस ओसी यू विबू कृष्णा, एसआई तामो बखांग और चिम्पू थाना टीम के साथ 20 मार्च को एक त्वरित अभियान शुरू किया। पहली गिरफ्तारी चिम्पू में हुई, जहां आरोपी विकास बर्मन, एक आदतन मादक पदार्थ तस्कर, हेरोइन बेचने का प्रयास करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

**दो तस्कर गिरफ्तार**

# सत्ता संरक्षण में चल रहा लूट का गिरोह : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 21 मार्च (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। सत्ता संरक्षण में वसूली और लूट का पूरा गिरोह चल रहा है और हर विभाग में लूट मची है। उन्होंने कहा कि इस वसूली और भ्रष्टाचार में सरकार के मुख्य लोगों और कई अफसरों की भी सांठगांठ है। उत्तर प्रदेश में ईज आफ डूईंग बिजनेस का यही सच है। यादव ने कहा कि औद्योगिक विकास और निवेश के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार हो रहा है। खुले आम कमीशनखोरी चल रही है। जब वसूली का खुलासा हो गया तो निलंबन का नाटक रचा जा रहा है। इस भ्रष्टाचार का अंतिम पड़ाव अधिकारी नहीं कोई और है। इस खेल में बड़े-बड़े शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जब बंटवारा सही नहीं हो पाता तो मामला उजागर होता है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें गहराई तक जम चुकी है। इन्वेस्ट यूपी से लेकर थाने, तहसील तक फैले भ्रष्टाचार से आम जनता त्रस्त है। यादव ने कहा कि भाजपा के नेता और पदाधिकारी स्वयं स्वीकार करते है कि उन्होंने इतना भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं देखा। भाजपा सरकार में एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं से लेकर सड़को के निर्माणकार्यों तक में हर जगह लूट हो रही है। बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के कुछ दिन पहले ही धंस और उखड़ गया। उन्होंने कहा कि गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे का बजट बढ़ता चला गया। उसमें गोरखधंधा अभी भी चल रहा है।



औद्योगिक विकास व निवेश के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार का लगाया आरोप

चिंता | *जम्मू-कश्मीर में डराने लगीं लगातार आईईडी की बरामदगियां*

# कश्मीर में पिछले पांच दिनों में बरामद किए चार आईईडी

**जम्मू,** कश्मीर में लगातार हो रही आईईडी की बरामदगियां सभी को डराने लगी हैं। सुरक्षाबल इन्हें आतंकियों की हिंसा फैलाने की कोशिशों के तौर पर ले रहे हैं। पिछले पांच दिनों में कश्मीर में चार इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किए गए और उन्हें निष्क्रिय कर दिया गया, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में सुरक्षा चौकसी बढ़ा दी गई है। बांडीपोरा के सनराइज पॉइंट पर सेना के गश्ती दल द्वारा हाल ही में सड़क के किनारे प्रेशर कुकर में फिट किया गया आईईडी पाया गया। सुरक्षा काफिले द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली रणनीतिक श्रीनगर-बांडीपोरा सड़क एलओसी के साथ सुदूर गुरेज घाटी सहित कई गांवों तक जाती है। श्रीनगर स्थित सेना की चिनार कोर, जो एलओसी की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है, कहती है कि उन्होंने एक बड़ी आतंकी घटना को टाल दिया और आईईडी को सर्जिकल तरीके से संभाला और नष्ट कर दिया गया। इसी तरह, कुलगाम जिले के कैमोह गांव में प्रेशर कुकर में एक और आईईडी पाया गया, जबकि इस सप्ताह कुपवाड़ा और पुलवामा जिले में एक और आईईडी को निष्क्रिय किया गया। इन कोशिशों के जवाब में सुरक्षा बलों ने कश्मीर में अपनी चौकसी बढ़ा दी है और राजनेताओं तथा सुरक्षा प्राप्त लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। नाम न बताने की शर्त पर एक राजनीतिज्ञ का कहना था कि कुछ दिन पहले उन्हें सुरक्षा टीम से कई निर्देश मिले थे, जिसमें भीड़भाड़ वाली जगहों से बचना और देर शाम बाहर निकलना शामिल था। इसी तरह, उनके जैसे कई लोगों को अपने यात्रा कार्यक्रम पहले से साझा करने और बिना सुरक्षा दल के बाहर जाने से बचने के लिए कहा गया है। यह सलाह पाकिस्तान के अंदर आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष कमांडर जिया-उर-रहमान उर्फ अबू कताल सिंधी की हत्या सहित कई हमलों के कुछ दिनों बाद आई है। शनिवार को अज्ञात हमलावरों ने उसे गोली मार दी थी। सिंधी पिछले साल हिंदू तीर्थयात्रियों पर रियासी हमले सहित कई घातक हमलों में कथित रूप से शामिल था। 2000 के दशक की शुरुआत में जम्मू क्षेत्र में सक्रिय रहने के बाद, जिसके दौरान माना जाता है कि उसने एक ओवरग्राउंड नेटवर्क विकसित किया था, वह 2005 में पाकिस्तान भाग गया। अब, सुरक्षा एजेंसियों ने पिछले कुछ वर्षों में सीमा पार से जम्मू में आतंकी गतिविधियों पर उसकी छाप देखी है। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि उन्होंने संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बढ़ा दी है और राजनेताओं सहित संरक्षित व्यक्तियों को सलाह देना किसी भी घटना को रोकने के लिए इस कदम का हिस्सा था। वे कहते थे कि आतंकियों द्वारा किए गए इन आईईडी प्रयासों का उद्देश्य दहशत पैदा करना और अपनी उपस्थिति दिखाना है, भले ही स्थानीय कैडर में काफी कमी आई हो। एक अन्य अधिकारी का कहना था कि पाकिस्तान अपने घरेलू कलह से ध्यान हटाने के लिए ये कदम उठा सकता है।



■ सेना की चिनार कोर ने आतंकी घटना को टाला

स्वत्वाधिकार प्रकाशक, संपादक संजय कुमार चौबीसा द्वारा 20ए न्यू विद्यानगर हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर 313002 (राज.) से प्रकाशित एवं मुद्रक विजय अरोड़ा द्वारा मैसर्स न्यूट्रेक ऑफसेट एवं प्रिंटर्स 13, भोपा मगरी, हिरण मगरी सेक्टर-3 उदयपुर से मुद्रित। फोन : 9024464356 Mail- Palpalrajasthan8@gmail.com

# पल पल राजस्थान

हर पल की खबर


प्रदेश का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

# पल पल राजस्थान

वर्ष : 2 | RAJHIN/2021/81855 | कुल पृष्ठ : 4 | मूल्य : 5 रु. | हर पल की खबर


facebook

https://www.facebook.com/palpalrajasthannews/

YouTube

https://www.youtube.com/channel/UC7p9DxdST-1wvxPMtFiPOQNw

Instagram

instagram.com/pal-palrajasthannews

Gmail

palpalrajasthan8@gmail.com

**Whatsaap No.**

9024464356, 9001259073, 96729 79379